THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) In keeping with the national policy, Indian Railways are using only Aluminium conductors for all their requirements except for very special applications e.g. overhead electric traction wires and cables used in electric rolling stock.

(b) Use of aluminium conductor is cheaper and has the advantage of saving foreign exchange.

(c) No data is maintained quantifying such savings.

गोरखपुर उर्वरक कारखाने द्वारा बिजली की कमी के कारण यूरिया का उत्पादन बन्द कर देना

6168. **श्री नवल किशोर शर्मा** : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोरखपुर कारखाने ने बिजली की कमी के कारण यूरिया का उत्पादन बन्द कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो इस कारण यूरिया की सप्लाई पर क्या प्रभाव पड़ेगा, और

(ग) यूरिया का पूरी मात्रा में उत्पादन प्रारम्भ करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) वर्ष 1973-74 के दौरान बिजली की कुल कमी के कारण अंशत: और कभी कभी इस यूनिट के उत्पादन पर प्रभाव पड़ा था ।

(ख) बिजली के प्रतिबन्ध के कारण वर्ष 1973–74 में लगभग 23,620 मीटरी टन नाइट्रोजन के तुल्य 51,350 मीटरी टन यूरिया की सप्लाई पर प्रभाव पड़ेगा ।

(ग) बिजली की पूरी सप्लाई पहली अप्रैल, 1973 से पुन: आरम्भ हुई है और कुछ अनुरक्षण कार्यों के पूरे हो जाने के बाद इस संयंत्र में यूरिया के पूर्ण उत्पादन के पुन: आरम्भ होने की आशा है ।

हुगली नदी परियोजना

6169. **श्री नवल किशोर शर्मा** : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हुगली नदी परियोजना को स्वीकृति दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो उस पर भारतीय एवं विदेशी मुद्रा में कितना व्यय होने की सम्भावना है और व्यय के कितने भाग का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा ;

(ग) उक्त परियोजना से पश्चिम बंगाल को कितनी बिजली तथा सिंचाई सुविधा मिल सकेगी ; और

(घ) क्या सरकार का राजस्थान में भी इसी प्रकार की कोई परियोजना स्थापित करने का विचार है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) ऐसी कोई स्कीम प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) से (घ). प्रश्न नहीं उठता

Loss suffered due to violent agitation on the 15th March, 1974 in Gujarat

6170. SHRI NAWAL KISHORE SHARMA:

SHRI P. M. MEHTA:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether on the 15th March, 1974 Railway tracks were uprooted, bogies of passenger trains set ablaze,